60 6

कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर ।

भवन मानचित्र समिति-द्वितीय(सीपीसी) की बैठक सं0 36/2000 दिनांक 27-3-2000 को सायं 4.00 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, का कार्यवाही विवरण :-

---

बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया :-

1- श्री ए.के. गुप्ता, निदेशक(आयोजना) जविप्रा, जयपुर ।

2- श्री एस.एल. माथुर, निदेशक (अभियांत्रिकी) जविप्रा, जयपुर ।

3- श्री ए.एन. भार्गव, वरिष्ठ नगर नियोजक(सीपी) जविप्रा, जयपुर ।

बैठक में निम्न अधिकारी भी उपस्थित थे -

1- श्री बी.एस. परमार, उपायुक्त, जोन ए-2, जविप्रा, जयपुर ।

2- श्री अनिल गुप्ता, उपायुक्त, जोन बी-2, जविप्रा, जयपुर ।

3- श्री मुकेश मित्तल, सहायक नगर नियोजक(सीपी) जविप्रा, जयपुर ।

---

(1) बीपीसी-।।(सीपीसी) की बैठक सं0 35/2000 दिनांक 23-3-2000 का कार्यवाही विवरण समिति के पुष्टिकरण हेतु -

समिति द्वारा पुष्टि की गयी ।

(2) एजेण्डा आईटम्स

2.1- एजेण्डा सं0 36/2000-1 :- माणिक्यपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना शंकर नगर, स्कीम नं0 10(जोन ए-2) :-

उपरोक्त योजना के प्रकरण पर बीपीसी-।।(सीपीसी)की बैठक सं0 32/2000 दिनांक 13-3-2000 में विचार-विमर्श हुआ था निर्णय लिया गया था कि योजना के पूर्व दिशा में दक्षिण से उत्तर की ओर आने वाला नाला जो अभी पक्का नहीं है उसके जोन स्तर पर विस्तृत जांच कर इस क्षेत्र में आने वाले भूखण्डों की सही स्थिति ज्ञात कर प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाये । उपरोक्त निर्णय के संदर्भ में उपायुक्त, जोन ए-2 द्वारा मौके की जांच करवाई गयी तथा उनके द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत एजेण्डा,

....2

जोन की उप समिति की रिपोर्ट एवं बताये गये तथ्यों के आधार पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया कि पूर्व दिशा में स्थित 40 फिट चौड़ी सड़क के पश्चिम दिशा के भूखण्ड जो पूर्व में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से प्रभावित होने के कारण अस्वीकृत किये गये थे उनको अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया । समिति द्वारा दिनांक 13-3-2000 की बैठक में एजेण्डा सं0 32/2000-2 के संदर्भ में मौके की स्थिति के अनुसरण में पुन: विचार कर भूखण्ड सं0 132, 134 से 139, 143 से 153, 107 से 108, 126 से 128 ए, 111, 112, 74, 75, 184 व 215 निर्मित नाले के साथ होने व भूखण्डों को उचित एप्रोच नहीं मिलने के कारण अनुमोदित नहीं करने का निर्णय लिया गया ।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई ।

वरिष्ठ नगर नियोजक (सीपी)
जविप्रा, जयपुर ।

क्रमांक: एफ-11(14)जविप्रा/वननि/सीपी/36/2000/डी- 155
दिनांक : 30-3.2000

प्रतिलिपि:-

1- वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर ।
2- निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर ।
3- निदेशक (आयोजना)/(विधि)/(वित्त)/(अभियांत्रिकी) जविप्रा, जयपुर ।
4- अति0आयुक्त (भूमि एवं योजनाएं) जविप्रा, जयपुर ।
5- वरिष्ठ नगर नियोजक (एम.पी.) जविप्रा, जयपुर ।
6- उपायुक्त/ प्राधिकृत अधिकारी/ सहायक नगर नियोजक, जोन ए-2 एवं बी-2, जविप्रा, जयपुर ।
7- जन सम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर ।

सदस्य सचिव,
बीपीसी-11 (सीपीसी)